**मीरजापुर पुलिस**

**प्रेस नोट**

**दिनांक:07.11.2023**

**पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लूटेरे घायल/गिरफ्तार , कब्जे से दो अवैध देशी तमंचा मय कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद** —

आज दिनांकः 07.11.2023 को थाना को0देहात, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना को 0 देहात क्षेत्र में दो शातिर बदमाश होने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्वयं को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गयी। थाना को 0 देहात क्षेत्र करनपुर चौकी अंतर्गत बोकरियां फाल के पास पुलिस मुठभेड़ में लूटेरा 1.आलोक यादव उर्फ उजाला यादव पुत्र पंचम यादव उम्र करीब- 27 निवासी जसोवर पहाड़ी थाना को0 देहात मीरजापुर के दोनों पैर में तथा लूटेरा 2.वैभव बिन्द उर्फ कमलेश बिन्द पुत्र रामदुलार उम्र करीब- 28 वर्ष निवासी जसोवर पहाड़ी थाना को0 देहात मीरजापुर के दांहिने पैर गोली लगी हैं , जिनके पास से 01-01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 01-01 अदद खोखा व 03 अदद जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर बिना नम्बर की बरामद की गयी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार उपरोक्त दोनों लूटेरों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु मण्डलीय चिकित्सालय भिजवाया गया है। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को 0देहात पर मु 0अ0सं0- 278/2023 धारा 307,411,414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0देहात जनपद मीरजापुर अभियोग पंजीकृत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार/घायल अभियुक्त** —

1.आलोक यादव उर्फ उजाला यादव पुत्र पंचम यादव उम्र करीब-27 निवासी जसोवर पहाड़ी थाना को0 देहात मीरजापुर।

2.वैभव बिन्द उर्फ कमलेश बिन्द पुत्र रामदुलार उम्र करीब-28 वर्ष निवासी जसोवर पहाड़ी थाना को0 देहात मीरजापुर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त ( आलोक यादव)** —

1-मु0अ0सं0-151/2019 धारा-379,411भादवि थाना को0कटरा मीरजापुर।

2-मु0अ0सं0-159/2019 धारा-379,411भादवि थाना को0कटरा मीरजापुर।

3-मु0अ0सं0-184/2019 धारा-379,411भादवि थाना को0कटरा मीरजापुर।

4-मु0अ0सं0-233/2019 धारा- 3(1) उ.प्र.गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम , थाना को 0कटरा मीरजापुर।

बरामदगी विवरण—

1-02 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद खोखा

2-03 अदद जिन्दा कारतूस

3- एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर (बिना नंबर)।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक को0 देहात-शैलेश राय मय पुलिस टीम।

निरीक्षक माधव सिंह-प्रभारी एस ओजी टीम मय पुलिस टीम।

उ0नि0 संजय कुमार सिंह- प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम

